## संपादकीय

# अलोकतांत्रिक कदम

भारतीय राजनीति में अपनी शक्ति का प्रयोग करके विपक्षियों को दबाव बनाना कोई नई बात नहीं है। इसका सबसे ताजा उदाहरण लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अनुभव किया। जब उनका प्राइवेट चार्टर्ड जहाज प्रयागराज (इलाहाबाद) उड़ने के लिए तैयार था। जहां उन्हें स्टूडेंट यूनियन की एक मीटिंग में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में भाग लेना था। उसी समय अधिकारियों ने उन्हें प्रशासनिक कारणों से कानून व्यवस्था बिगड़ने का डर दिखाकर इलाहाबाद नहीं जाने दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अखिलेश यादव की इलाहाबाद यात्रा विद्यार्थियों में हिंसा और अराजकता बढ़ाने का कारण बन सकती है। वैसे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिंसा तो की जो कि न सिर्फ इलाहाबाद बल्कि प्रदेश के अन्य भागों में भी हुई। इसको उनकी नई सहयोगी बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में प्रजातंत्र के हनन और सपा-बसपा गठबंधन के खिलाफ योजनाबद्ध राजनीतिक दखलंदाजी क़रार दिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि देश ने इस तरह की खतरनाक परिस्थितियां कभी नहीं देखी जो कि प्रजातंत्र पर आघात करें। गौरतलब यह भी है कि ममता ने स्वयं इसी तरह की कार्रवाई योगी आदित्यनाथ और अमित शाह के खिलाफ अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में रैलियां आयोजित करने के समय पर की थी। उनके विमानों को पश्चिम बंगाल में नहीं उतरने दिया गया था और उन्हें वापस लौटना पड़ा था। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, ये सुनिश्चित है कि यह सारी पार्टियां एक-दूसरे के पंख काटने की कोशिश करेंगी। जहां पर जो भी पॉवर में है वह वहां दूसरे को हर तरह से रोकने और परेशान करने का प्रयास करेगा। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा कि अपने विपक्षियों के खिलाफ हर प्रकार के हथकंडों का प्रयोग उन्हें रोकने के लिए किया जाए। हालिया अखिलेश यादव प्रकरण ने एक बार फिर जता दिया है कि इस तरह के हथकंडे अपनाने वालों पर अपनी ही चाल भारी पड़ सकती है।

# दो दिवसीय यात्रा पर दक्षिण कोरिया पहुंचे मोदी



**सियोल (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण कोरिया के साथ भारत के सामरिक संबंधों को मजबूत बनाने और व्यापार एवं निवेश समेत विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री ने रवानगी से पहले दक्षिण कोरिया को 'मेक इन इंडिया' जैसी भारत की अहम पहलों में एक महत्वपूर्ण सहयोगी बताया था। उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र के साथी के रूप में भारत और दक्षिण कोरिया विश्व शांति के लिए साझा मूल्य और दृष्टिकोण साझा करते हैं। मोदी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेइ इन के निमंत्रण पर यहां पहुंचे हैं। यह 2015 के बाद से कोरिया गणराज्य की उनकी दूसरी यात्रा है और राष्ट्रपति मून जेइ इन के साथ उनकी दूसरी शिखर बैठक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि इस यात्रा से दक्षिण कोरिया के साथ भारत की विशेष सामरिक साझेदारी मजूबत होगी और 'लुक ईस्ट नीति' को नया आयाम मिलेगा। कुमार ने एक ट्वीट में कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदी द्विपक्षीय एवं व्यापारिक बैठक करेंगे। वह महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और सियोल द्वारा उन्हें दिया जाने वाला शांति पुरस्कार स्वीकार करेंगे। इस बयान से पहले मोदी ने कहा कि उनकी यात्रा यह दर्शाती है कि ''हम हमारे संबंधों को कितना महत्व देते'' हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम दक्षिण कोरिया को एक मूल्यवान मित्र मानते हैं जिसके साथ हमारी विशेष सामरिक भागीदारी है। लोकतंत्र के साथी के रूप में भारत और दक्षिण कोरिया विश्व शांति के लिए साझा मूल्य और दृष्टिकोण साझा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''बाजार अर्थव्यवस्था के साथी के रूप में हमारी ज़रूरतें और ताकत एक दूसरे की पूरक हैं। दक्षिण कोरिया मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत और स्टार्ट अप इंडिया का महत्वपूर्ण साझीदार है।'' उन्होंने कहा, ''विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच संबंध उत्साहवर्धक है। हम मौलिक से लेकर उन्नत विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे लोगों के आपसी संबंध हमारी मित्रता का आधार हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम लोगों, समृद्धि एवं शांति के लिए हमारे संबंधों को भविष्य केंद्रित साझीदारी के तौर पर मिलकर आगे लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## टेस्ला की पूरी तरह से सेल्फ ड्राइविंग कार जल्द, सोते हुए कर सकेंगे सफर

**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** दुनियाभर में हर साल सफर के दौरान झपकी आने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब जरा कल्पना करें आपका सफर सोते हुए पूरा हो जाए तो कैसा रहेगा। अभी भले ही यह कल्पना लग रहा हो, लेकिन जल्द ही हकीकत बन सकती है। कुछ ऐसी ही घोषणा कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने की है। अपने साहसी बयान में टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इलोन मस्क ने घोषणा की है कि टेस्ला कंपनी का पूरी तरह से सेल्फ-ड्राइविंग फीचर इस साल के अंत तक तैयार हो जाएगा। मस्क ने बताया कि साल 2020 के अंत तक इलेक्ट्रिक कार निर्माता की सेल्फ-ड्राइविंग फीचर इतनी सक्षम हो जाएगी कि लोग कार चलाते हुए सो भी सकते हैं, जबकि कार उन्हें वांछित गंतव्य तक पहुंचा देगी। मस्क ने एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में कहा, मैं समझता हूं कि इस साल हम इस फीचर का काम पूरा कर लेंगे। इसका मतलब यह है कि कार आपको पार्किंग लॉट में ढूंढ लेगी, उसके बाद आपको पिक कर आपको अपने गंतव्य तक पहुंचा देगा और इसे किसी मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## मोदी सरकार का 6 करोड़ लोगों को बड़ा तोहफा, पीएफ पर ब्याज दर में किया इजाफा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने नौकरीपेशा लोगों को बड़ा तोहफा दिया है. दरअसल, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने प्रॉविडेंट फंड पर ब्याज दर में इजाफा किया है. वित्त वर्ष 2018-19 के लिए प्रॉविडेंट फंड पर ब्याज दर 8.65 फीसदी कर दी गई. इससे पहले ईपीएफओ ने 2017-18 में अपने अंशधारकों को पीएफ पर 8.55 फीसदी का ब्याज दिया था. इस हिसाब से पीएफ में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. आसान भाषा में समझें तो नौकरीपेशा लोगों को पीएफ पर सरकार अब पहले से ज्यादा ब्याज देगी. इसका फायदा 6 करोड़ नौकरीपेशा लोगों को मिलेगा. सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी सीबीटी की गुरुवार को बैठक में यह अहम फैसला लिया गया. यह बॉडी ही पीएफ पर ब्याज दर की सिफारिश करती है. बोर्ड की मंजूरी के बाद अब प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय से सहमति की जरूरत होगी।

## प्रधानमंत्री श्रमयोगी मान-धन योजनाः पति-पत्नी की मृत्यु होने पर डूब जाएगा पैसा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 15 फरवरी से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए शुरू की गई नई पेंशन योजना के एक प्रावधान पर विवाद हो सकता है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना को लेकर जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें कहा गया है कि पति-पत्नी की मृत्यु की स्थिति में पेंशन फंड में जमा कराई गई पूरी रकम फंड में ही जमा रहेगी । यानी, अगर पेंशन फंड में योगदान करने वाले/वाली कामगार और उनकी पत्नी/उनके पति की मृत्यु हो जाए तो उनकी ओर से जमा की गई पूरी रकम सरकारी खजाने में चली जाएगी, उनके बच्चों को नहीं मिलेगा। विवाद इस बात पर हो सकता है कि बाकी सारी पेंशन योजनाओं में जमा फंड के पैसे पति-पत्नी की मृत्यु की स्थिति में उनके अविवाहित बच्चे को दिए जाने का प्रावधान है।

## जीएसटीआर 3बी भरने की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ी, कारोबारियों को राहत




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लिए जीएसटीआर 3बी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ा दी गयी है। वित्त मंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में बुधवार को जीएसटी परिषद की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुयी 33वीं बैठक हुयी। हालाँकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक का राज्यों द्वारा विरोध करने के कारण कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। इसके बाद जेटली ने संवाददाताओं से कहा कि जीएसटीआर 3बी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ायी गयी। इसको भरने का आज अंतिम दिन था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए इस तिथि को 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है।

## पूर्व न्यायाधीश डीके जैन बीसीसीआई के पहले लोकपाल नियुक्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश डीके जैन को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) का पहला लोकपाल नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति ए एम सप्रे की पीठ ने कहा, हमें खुशी है कि संबंधित पक्षों की सहमति और सुझावों के माध्यम से पूर्व न्यायाधीश डी के जैन को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड का लोकपाल नियुक्त करने पर सहमति हो गयी है।

पीठ ने कहा कि हम आपसी सहमित के बाद न्यायमूर्ति जैन (सेवानिवृत्त) को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड का प्रथम लोकपाल नियुक्त कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की गणेशजी आपको सलाह देते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव कर सकते हैं। परिश्रम के बाद ही सफलता प्राप्त होगी।

वृषभः- आज आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने काम को पूरा करेंगे। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। अभ्यास में विद्यार्थियों को रुचि रहेगी। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा और आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

मिथुनः- नई परियोजना का प्रारंभ करने के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक या व्यापारी क्षेत्र में आपको लाभ होगा।

कर्कः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आंखों में पीड़ा होने की आशंका है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।

सिंहः- आज आत्मविश्वास की मात्रा आप में अधिक रहेगी। किसी भी कार्य को करने के लिए निर्णय त्वरित लेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्याः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। धार्मिक कार्य में धन का व्यय हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है।

तुलाः- आपका आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में हुए लाभ से आपको प्रसन्नता होगी। आय में वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी हो सकता है।

वृश्चिकः- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आपका हर कार्य आज सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

धनुः- आज थकान हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रहें। मन में चिंता और व्याकुलता हो सकती है। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। भाग्य साथ नहीं दे रहा ऐसा प्रतीत होगा।

मकरः- आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक कार्य के लिए बाहर जाने के कारण भी हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें।

कुंभः- आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास पूर्वक करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र परिधान करने के प्रसंग उपस्थित होंगे।

मीनः- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी है। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। स्वभाव और वाणी में उग्रता पर संयम रखें। ऑफिस में साथ काम करने वालों का आपको सहयोग मिलेगा।

# यशोदा मंदिर में गुरूवार को मां यशोदा की पूजा से भर जाती है सूनी गोद

दुनिया का पहला माता यशोदा मंदिर इंदौर में बना हुआ है जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां महिलाएं अपनी सूनी गोद भरने की मुराद लेकर आती है।

भारत के ज्यादातर जगहों पर श्रीकृष्ण से लेकर श्रीराम, हनुमान जी और भगवान शिव, विष्णु जी के ढेरों मंदिर है जहां श्रद्धालु अपनी मुरादें लेकर पहुंचते हैं और उनके पूरे होने के लिए पूजा-पाठ करते हैं। लेकिन इन्हें पाल-पोस कर बड़ा करने वाली इनकी माताओं के मंदिर शायद ही कहीं देखने को मिलते हैं। कुछ ऐसे ही विचार के बाद इंदौर में यशोदा माता का मंदिर बना होगा। जहां महिलाएं खासतौर से अपनी सूनी गोद को भरने की फरियाद लेकर आती हैं।

### वृहस्पतिवार को होती है विशेष पूजा

वृहस्पतिवार को यहां रोज़ाना से अलग खास तरह की पूजा होती है। जिसमें चावल, नारियल और अन्य पूजा की सामग्री से मां यशोदा की गोद भरी जाती है। ऐसा करने के पीछे मान्यता है कि मां यशोदा महिलाओं की सूनी गोद को कृष्ण जैसे पुत्र देकर भर दें। इसके अलावा जन्माष्टमी के दिन या दूसरे दिन भी मां बहुत प्रसन्न होती है और मनचाहे संतान प्राप्ति का मां यशोदा को समर्पित यह विश्व का पहला मंदिर है जहां श्रीकृष्ण को उनकी माता के साथ देखा जा सकता है।



### मंदिर की बनावट

मंदिर में मां यशोदा की कान्हा को अपने आंचल में समेटे हुए बहुत ही खूबसूरत मूर्ति है। यशोदा मैया की गोद में कृष्ण का बाल रूप विराजमान हैं। जिनका रोज़ाना साज-श्रृंगार होता है। इनके अलावा मंदिर में नंदबाबा और राधा-कृष्ण की मूर्तियां भी हैं।

### कहां स्थित है मंदिर

लगभग 200 साल पुराना यह मंदिर मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में राजबाड़ा इलाके में स्थित है।

# लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार का बड़ा कदम, पैदा होंगी 1 करोड़ नौकरियां


**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में नई नैशनल इलेक्ट्रोनिक्स पॉलिसी को मंजूरी दी, जिसके जरिये 2025 तक 26 लाख करोड़ रुपए का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का कहना है कि इससे एक करोड़ नौकरियां भी पैदा होंगी।

गौरतलब है कि नैशनल इलेक्ट्रोनिक्स पॉलिसी 2012 में लागू हुई थी। अब सरकार इस नीति को नए सिरे से लागू करने जा रही है। सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने बताया, 'हमने 2025 तक 400 अरब डॉलर का इकोसिस्टम तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इससे 1 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी।' इस नीति के तहत 2025 तक 100 करोड़ मोबाइल हैंडसेट को मैन्युफैक्चर करने का लक्ष्य रखा गया है। इनकी कीमत 13 लाख करोड़ रुपए होगी। इसमें 7 लाख करोड़ रुपए के एक्सपोर्ट होने वाले 60 करोड़ मोबाइल फोन शामिल होंगे।



रवि शंकर ने बताया कि जब मई 2015 में उनकी सरकार सत्ता में आई तो देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन की ग्रोथ रेट 5.5 फीसदी थी। 2017-18 में यह बढ़कर 26.5 फीसदी हो गई। अब सरकार ने इस ग्रोथ रेट का बढ़ाकर 32-33 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## कैजुन पोटैटो रेसिपी...



आलू को खाने में कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। सब्जी से लेकर नाश्ते हर एक में आप इसका जायका ले सकते हैं। तो आइए जानते हैं ऐसी ही एक रेसिपी के बारे में।

### सामग्री :

1 टेबलस्पून वेज मेयोनीज़, 2 टीस्पून रोस्टेड जीरा पाउडर, 1 टीस्पून पैपरिका पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 5 बारीक कटा लहसुन, 8 बेबी पोटैटो।

**टॉपिंग्स के लिए-** 1 कटा प्याज, थोड़ा धनिया।

**मैरिनेशन के लिए-** एक टीस्पून दही, नमक, चुटकी भर लाल मिर्च, 2 टेबलस्पून कॉर्नफ्लोर।

### विधि :

एक बाउल में मेयोनीज़ और सारी सामग्री मिलाकर अलग रखें।

दूसरे बाउल में आलू को अच्छी तरह धोएं। अब इसे अधपका उबालें। आलू को पूरी तरह उबालना नहीं है और इन्हें छिलके सहित इस्तेमाल करना है। इन्हें गोल स्लाइसेज़ में काटें। ऊपर से मैरिनेशन की सारी सामग्री डालकर मिलाएं। अब इन्हें पकौड़ों की तरह डीप फ्राई कर लें।

एब्जॉर्बेंट पेपर पर निकालें। इन स्लाइसेज़ की लेयर बनाएं। हर लेयर के बीच में मेयोनीज़ मिश्रण फैलाएं। ऊपरी लेयर पर टॉपिंग्स सजाएं और तुरंत सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-85

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 84 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | दां | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू-85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 84 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |